# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था

अणुशक्तिनगर, मुंबई-400094

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा (टर्म-1) (2017-2018)

**कक्षा : 8(आठवीं)  विषय : हिंदी  समय: 3 घंटा  पूर्णांकः 80**

.................................................................................................................................

### खंड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

लेखक का काम बहुत-सी बातों में मधुमक्खियों के काम से मिलता है । मधुमक्खियाँ मकरंद-संग्रह के लिए मीलों तक चक्कर लगाती हैं और अच्छे फूलों पर बैठकर उनका रस लेती हैं तभी तो उनके मधु में संसार की सर्वश्रेष्ठ मधुरता मिलती है । यदि आप अच्छे लेखक बनना चाहें तो आपको भी यही वृत्ति ग्रहण करनी होगी । अच्छे-अच्छे ग्रन्थों का खूब अध्ययन कीजिए और उनकी बातों पर मनन कीजिए । फिर आपकी रचनाओं में भी मधु का-सा माधुर्य आने लगेगा । कोई अच्छी उक्ति , कोई अच्छा विचार भले ही दूसरों से ग्रहण किया गया हो पर यदि यथेष्ट मनन कर आप उसे अपनी रचना में स्थान देंगे तो वह आपका हो जाएगा । मननपूर्वक लिखी हुई सामग्री के सम्बन्ध में शीघ्र किसी को यह कहने का साहस न होगा कि यह अमुक स्थान से ली गई है या उच्छिष्ठ है । जो बात आप भली भाँति आत्मसात कर लेंगे वह आपकी हो जाएगी ।

क) मधु में संसार की सर्वश्रेष्ठ मधुरता क्यों मिलती है ? 1

ख) लेखक बनने के लिए कैसी वृत्ति अपनानी होगी ? 1

ग) अच्छा लेखक बनने के लिए क्या करना चाहिए ? 1

घ) लेखक किसी भी बात को आत्मसात कैसे करता है ? 1

ङ) लेखक का काम मधुमक्खियों से कैसे मिलता है ? 2

च) अच्छा लेखक बनने के लिए क्या करना चाहिए ? 2

छ) दूसरों की उक्ति और विचार आपके कैसे बन सकते हैं ? 2

P.T.O

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

मैंने छुटपन में छिपकर पैसे बोए थे ,
सोचा था , पैसे के प्यारे पेड़ उगेंगे,
रुपयों की कलदार मधुर फसलें खनकेंगी,
और फूल-फल कर, मैं मोटा सेठबनूँगा ।
पर बंजर धरती में एक न अंकुर फूटा ,
बंध्या मिट्टी ने न एक भी पैसा उगला ,
सपने जाने कहाँ मिटे, सब धूल हो गए ।
मैं हताश हो , बाट जोहता रहा कई दिनों तक,
बाल कल्पना के अपलक पाँवड़े बिछाकर ।
मैं अबोध था मैंने गलत बीज बोए थे ,
ममता को सौंपा , तृष्णा को सींचा था ।

क) रुपए के पेड़ न उगने का दोष कवि ने किसे दिया ? 1

ख) इस पद्यांश में कवि ने क्या शिक्षा दी है ? 1

ग) पद्यांश में आए दो भाववाचक संज्ञा ढूढ़कर लिखें । 1

घ) कवि ने बचपन में क्या सोचा था ? 1

ङ) कवि ने बचपन में पैसे क्यों बोए थे? 2

च) बालक ने धनी सेठ बनने की क्या कल्पना की थी? 2

छ) इन शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए - धरती, फूल । 2

**खण्ड -'ख'**

3. 'तीन बेर खाती ते वे तीन बेर खाती है'में कौन-सा अलंकार है ? 1

4. विशेषण किसे कहते हैं ? 1

5. 'कोमल गात' शब्द में विशेष्य शब्द छाँटिए । 1

6. व्यक्तिवाचक संज्ञा के दो उदाहरण लिखिए । 1

7. पत्र शब्द से दो शब्द बनाइए । 1

8. व्यापारिक - शब्द में मूल शब्द एवं प्रत्यय अलग कीजिए । 1

9. निम्नलिखित शब्दों में सन्धि कीजिए- 1

संग्रह+आलय = - , महा+आत्मा = -

10 द्वन्द्व समास के दो उदारण लिखिए - 1

11 संख्यावाचक विशेषण के दो उदाहरण लिखिए । 1

12 बस, वश एवं बस शब्दों का एक-एक वाक्य प्रयोग कीजिए । 3

13 जल, फल एवं हार शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करके लिखिए । ध्यान रहे , एक ही शब्द वाक्य में दो बार आए और शब्दों के अर्थ में कुछ बदलाव होना चाहिए । 3

**खण्ड- 'ग'**

14 गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

इन दिनों कुछ ऐसा माहौल बना है कि ईमानदारी से मेहनत करके जीविका चलानेवाले निरीह और भोले-भाले श्रमजीवी पिस रहे हैं और झूठ तथा फरेब का रोजगार करनेवाले फल-फूल रहे हैं । ईमानदारी को मूर्खता का पर्याय समझा जाने लगा है , सच्चाई केवल भीरु और बेबस लोगों के हिस्से पड़ी है । ऐसी स्थिति में जीवन के महान मूल्यों के बारे में लोगों की आस्था ही हिलने लगी है ।

क) लेखक और पाठ का नाम लिखिए । 1

ख) इन दिनों किस प्रकार का माहौल बन गया है ? 2

15 पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

हम दीवानों की क्या हस्ती,
हैं आज यहाँ , कल वहाँ चले ,
मस्ती का आलम साथ चला ,
हम धूल उड़ाते जहाँ चले ।

क) कवि और कविता का नाम लिखिए । 1

ख) 'दीवाने' शब्द किनके लिए प्रयुक्त हुआ है ? वे एक स्थान पर टिककर क्यों नहीं रहते ? 2

16 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 4X2=8

क) वस्तु-विनिमय क्या है ? विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है ?

ख) बचपन में लेखक अपने मामा के गाँव चाव से क्यों जाता था और बदलू को 'बदलू मामा' न कहकर 'बदलू काका' क्यों कहता था ?

ग) लेखक के मन में हिस्सेदार साहब के लिए श्रद्धा क्यों जग गई ?

घ) पत्र जैसा संतोष फोन या एसएमएस का संदेश क्यों नहीं दे सकता ?

ङ) लेखक ने स्वीकार किया है कि लोगों ने उन्हें धोखा दिया है फिर भी वह निराश नहीं है । आपके विचार से इस बात का क्या कारण हो सकता है ?

P.T.O

17 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 3X2=6

क) फूलों को अनन्त तक विकसित करने के लिए कवि कौन-कौन-सा प्रयास करता है ?

ख) कवि ने अपने आने को उल्लास और जाने को आँसू बनकर बह जाना क्यों कहा है ?

ग) पक्षी और बादल द्वारा लाई गई चिट्ठियों को कौन-कौन पढ़ पाते हैं ? सोचकर लिखिए ।

घ) कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकिए क्यों कहा है ?

18 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

क) अहमदनगर का किला पाठ किसके द्वारा और कब लिखा गया ? 1

ख) भारत का नाम किस पर पड़ा ? 1

ग) वेद शब्द की उत्पत्ति किस धातु से है ? 1

घ) भारत के दो प्रमुख महाकाव्यों के नाम लिखिए ? 1

19 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए - 3X2=6

क) अहमदनगर किले के साथ कौन - सी घटना जुड़ी है ?

ख) भारत की किसानों की समस्याएँ क्या थी ?

ग) राज्याभिषेक के समय राजा को क्या शपथ लेनी पड़ती थी ?

घ) भारतीय गाँवों की क्या विशेषता थी ?

ङ) संस्कृत को व्याकरण के नियमों में कब और किसके द्वारा बाँधा गया ?

## खण्ड - 'घ'

20 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए । 10

क) मेरा देश

ख) समय का सहत्व

ग) ग्रीष्म ऋतु

घ) गणतंत्र दिवस

21 खेल सामग्री मँगाने हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

अपने जन्मदिन पर मित्र को आने के लिए निमन्त्रण पत्र लिखिए।